सदन के समक्ष रखा। मा0 राजस्व मंत्री से हुई वार्ताओं से अवगत कराया। सभी जिला मंत्री निरन्तर अपने खण्ड मंत्री, संगठन मंत्री व उपाध्यक्ष से वार्ता अवश्य करेंगे। प्रत्येक संगठन मंत्री अपने जोन की पूरी समीक्षा करके बैठक से पूर्व अपनी रिपोर्ट देंगे। ए0सी0 लगाने में जिलाध्यक्ष मुजफ्फरनगर, जिलाध्यक्ष लखनऊ व जिला मंत्री रामपुर द्वारा सदन में घोषणा की गयी है।मैं सभी को धन्यवाद देता हूँ। अंतिम समय तक उपस्थित रहने के लिये सभी को धन्यवाद।

1. एकल खिड़की सिस्टम को प्रत्येक जनपद लागू करवाये। 2. आप सभी द्वारा लिये गये निर्णय के क्रम में राशन कार्ड निर्माण का बहिष्कार रहेगा, तद्नुसार पत्र निर्गत होगा। 3. सदन में हाथ उठाकर प्राप्त बहुमत के आधार पर वर्तमान संस्था शुल्क महंगाई आदि को दृष्टिगत रखते हुए पूर्व से देय धनराशि प्रति सदस्य प्रति वर्ष 100 के स्थान पर 200 किया जाता है, जिसमें 100/-रू0 तहसील स्तर पर, 50/- रू0 जिला स्तर पर व 50/- प्रदेश को अंश देय होगा। यह व्यवस्था आगामी वर्ष 2014 से प्रारम्भ होगी। 4. सदन में उपस्थित सदस्यों से हाथ उठाकर प्राप्त बहुमत के आधार पर ऐसे लेखपाल जिनकी सेवा अवधि मात्र दो वर्ष ही है, उन्हें राजस्व निरीक्षक पद पर पदोन्नति न करने की पुष्टि की गयी है। तद्नुसार परिषद को अवगत कराया जायेगा। 5. शासन के कार्मिक विभाग के शासनदेश दिनांक 27.03.01 के अनुपालन में वर्तमान प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक के पश्चात शाखा एवं उपशाखाओं का निर्वाचन मात्र दो वर्ष के लिये ही होगा। शेष पूर्व में निर्वाचित शाखाओं एवं उपशाखाओं का कार्यकाल प्रदेश पदाधिकारियों सहित पूर्ववत् 3 वर्ष पूर्ण होने के पश्चात् निर्वाचन प्रक्रिया सम्पादित होगी। जो क्रमशः दो वर्ष के लिये होगी। 6. मा0 उच्च न्यायालय के निर्णय से जनपद स्तर पर प्रशासन को अन्य कार्य लेखपालों से न लेने हेतु अवगत कराया जाय। इस हाईटेक व्यवस्था में सभी से प्रैक्टिकल बनने की अपेक्षा की। आम जनता से संवादहीनता न रखने के निर्देश दिये। बदलते परिवेश में सक्षम बनने की जिज्ञासा व्यक्त की। इसी के साथ पुनः सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए संस्थागत नारे लगाकर आज की बैठक को समाप्त करने की घोषणा की। उ0प्र0 लेखपाल जिन्दाबाद। बैठक समाप्ति की घोषणा के पश्चात् आल इण्डिया पटवारी एण्ड कानूनगो वेलफेयर एशोसिएशन के उपाध्यक्ष श्री वी.एम. अुजवणे(नागपुर) महाराष्ट्र के असामयिक देहावसान पर दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिये ईश्वर से प्रार्थना की गयी।

भाईचारे की भावना के साथ अवलोकनार्थ एवं निर्देशों/अपेक्षाओं के क्रियान्वयन की प्रत्याशा में सादर प्रेषित।

ह0/-09.06.13

(अवधेश सिंह चौहान)
प्रदेश महामंत्री

प्रतिलिपि :-निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. मा0 सचिव महोदय (राजस्व), उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2. मा0 आयुक्त एवं सचिव महोदय, राजस्व परिषद, लखनऊ।
3. सम्मानित समस्त केन्द्रीय पदाधिकारीगण/सर्वोच्च समिति के पदाधिकारीगण/ जनपदीय अध्यक्ष-सचिव-संयोजक साहबान् उ0प्र0 लेखपाल संघ।

(अवधेश सिंह चौहान)
प्रदेश महामंत्री